**ARYA Institute of Engg. & Technology (AIET)**
(Affiliated to RTU | Approved by AICTE, New Delhi)
- SP-40, RIICO Industrial Area, RIICO-Kukas, Jaipur-302028
- Ph. 0141-2820700, 5148801
- www.aryainstitutejpr.com
- Toll Free: 1800 102 1044

Ref.: AIET/IQAC/CGC/2020-21/07/27 Date: 27.07.2020

# NOTICE

This is to inform you that **AIET,** in association with **Institution's Innovation Council (IIC)** is going to organize a International webinar on **Atmanirbhar Bharat** in online mode**.** All the candidates are encouraged to attend this session.

Please follow the programme schedule below:

| | | |
|---|---|---|
| **Date** | : | 30 July, 2020 |
| **Time** | : | 5:30 PM – 7:00 PM |
| **Resource Person** | : | **Brig** (Dr.) Surjit Singh Pabla, Pro Chancellor, BSDU |
| | : | Dr. Arvind Agarwal, President, Arya Group of Colleges |
| | : | |

We look forward to your active participation in the same.

Arya Institute of Engg. & Technology KOOKAS JAIPUR

**Authorized Signatory**
**(Career Guidance Cell)**

**CC to :**

- President (For Kind Information)
- Vice President (For Kind Information)
- Principal (For Kind Information)
- All HOD's& Notice Boards

# ARYA Institute of Engg. & Technology (AIET)


(Affiliated to RTU | Approved by AICTE, New Delhi)

- SP-40, RIICO Industrial Area, RIICO-Kukas, Jaipur-302028
- Ph. 0141-2820700, 5148801
- www.aryainstitutejpr.com
- Toll Free: 1800 102 1044


## 30th Jul 2020

## Atmanirbhar Bharat

Panelists were:
Brig (Dr.) Surjit Singh Pabla, Pro Chancellor, BSDU.
Dr. Arvind Agarwal, President , Arya Group of Colleges.
Prof (Dr.) DP Sharma, UN ILO, IT Advisor, Hon'ble PM Ambassador for Swachh Bharat Mission.
Mr. Rajeev Dwivedi , Associate Vice President , Dainik Bhaskar.
Dr. Puja Agarwal, Vice- President, Arya Group of Colleges.
Mr. P.M. Bhardwaj, Ex CMD of PSU's and National Motivational Guru.









### ऑटोमेशन के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है भारतः डॉ. अग्रवाल

आत्मनिर्भर भारत की गतिमानता के लिए अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित

भास्कर संवाददाता|राजाखेड़ा

आत्मनिर्भर भारत विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन आर्या ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के द्वारा किया गया। वाइस प्रेसिडेंट डॉ. पूजा अग्रवाल ने कहा कि इसमें भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट ब्रिगेडियर सुरजीत पावला, पब्लिक सेक्टर यूनिट के सीएमडी रहे पीएम भारद्वाज, आर्य ग्रुप के प्रेसिडेंट डॉ. अरविंद अग्रवाल, दैनिक भास्कर के वाइस प्रेसिडेंट राजीव द्विवेदी एवं आईएलओ यूनाइटेड नेशंस के अंतर्राष्ट्रीय परामर्शक एवं स्वच्छ भारत मिशन के राष्ट्रीय एंबेस्डर डॉ. डीपी शर्मा मौजूद रहे। वेबिनार में ब्रिगेडियर पावला ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का मतलब हमें स्किल डेवलपमेंट पर फोकस करते हुए काम करना चाहिए ताकि लोग स्किल्ड होकर रोजगार प्राप्त कर सकें और अपने देश को आत्मनिर्भरता के मार्ग पर ले जाने के लिए डिफेंस एवं अन्य क्षेत्र के प्रोडक्ट भी तैयार कर सकें। यह आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होने में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. डीपी शर्मा ने कहा कि हमें ग्लोबलाइजेशन, लोकलाइजेशन के एक कन्वर्जड मॉडल ग्लोबलाइजेशन को अपनाकर चलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के अंदर मूलभूत परिवर्तन करने की आवश्यकता है और यह परिवर्तन तथा आत्मनिर्भरता का जज्बा स्कूल और कॉलेज लेवल से शुरू होना चाहिए। जहां 35 प्रतिशत देश का युवा आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ना चाहता है।

उन्होंने चाइना में अपने विजिट के अनुभव को बताते हुए कहा कि किस प्रकार चाइना एवं कोरिया में रियल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के क्यूरीकुलम बनाते हैं। डॉ. अरविंद अग्रवाल ने रोबोटिक्स, ऑटोमेशन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के पास बहुत बड़ा मौका है। भारत ऑटोमेशन के माध्यम से मैन्युफैक्चरिंग हब बन सकता है और चाइना से भागने वाली कंपनियों को अपने यहां मौका दे सकता है। दैनिक भास्कर के वाइस प्रेसिडेंट राजीव द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा परिवर्तन की जो नई नीति आई है उसमें शिक्षा, शिक्षक एवं सहपाठी सभी एक-दूसरे का मूल्यांकन करेंगे जो कि एक कारपोरेट पैटर्न के आधार पर होगा। उन्होंने मल्टी फंक्शनल एसेसमेंट ऑफ स्टूडेंट की बात पर जोर देते हुए कहा कि आज इसकी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देश में ब्यूरोक्रेसी ने बहुत सारी ऐसी योजनाएं बनाई है जिनको धरातल पर लाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। द्विवेदी ने कहा कि चाइना की जीडीपी में 60% हिस्सा एसएमई का है जबकि भारत में यह हिस्सा बहुत ही निम्न स्तर पर है। इसको बढ़ाने की आवश्यकता है। सीएमडी रहे भारद्वाज ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत का जो प्रधानमंत्री मोदी का सपना है उसको हम पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम इंडस्ट्री और एकेडमियों को साथ मिलाकर आत्मनिर्भरता के दो पहिए बनाकर चलें तो हम हम बहुत जल्द ही सफलता प्राप्त कर सकते हैं। पीएम भारद्वाज राष्ट्रीय स्तर के मोटिवेशनल व मैनेजमेंट गुरु भी हैं। इस वेबिनार को लाइव फेसबुक ...

KOOKAS JAIPUR
Arya Institute of Engg. & Technology